# World Cup Practice Match

# केवल हालात में ढलने के लिए नहीं खेलेंगे भारत और न्यूजीलैंड

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**लंदन:** आईसीसी विश्व कप 2019 के टूर्नामेंट के प्रमुख मैच शुरू होने से पहले अभ्यास मैच शुरु हो चुके हैं. प्रबल दावेदारों में शुमार टीम इंडिया शनिवार को यहां विश्व कप के लिए अपने शुरूआती अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड से खेलेगी. इस मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों की की कोशिश केवल परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की ही नहीं होगी. इस बात की संभावनाएं ज्यादा है कि दोनों ही टीमें अपने कमजोर पक्षों को इस मैच के बहाने मजबूत करने की कोशिश जरूर करेंगी.

### क्या होगी टीम इंडिया की कोशिशें

टीम इंडिया को अब भी अपने बैटिंग ऑर्डर में चौथे नंबर को चल रहे संशय को साफ करना है. किंग्सटन ओवल में होने वाले इस मुकाबले में टीम अपने मजबूत गेंदबाजी आक्रमण में प्रयोग के बजाय लोकेश राहुल और विजय शंकर पर ध्यान लगा सकती है जो चौथे नंबर के दावेदारों में शामिल हैं. वहीं न्यूजीलैंड सहित सभी विरोधी टीमों की निगाहें भारतीय कप्तान पर टिकी हैं जो 50 ओवर के क्रिकेट के अलावा टेस्ट क्रिकेट में भी नंबर एक बल्लेबाज हैं. दोनों ही टीमें अपनी गेंदाबाजी को भी





अभ्यास करते हुए धार देने की कोशिश करेंगी और परखेंगी की इंग्लैंड में वह और किसी तरह से विरोधी टीम को प्रभावी तरीके काबू कर सकती है.

### विराट सेना के ऊंचे इरादे हैं

विराट कोहली की टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के टूर्नामेंट में दो खिताबों में एक और ट्राफी जोड़ने के इरादे से यहां पहुंची है. उसने 1983 और 2011 में खिताब अपने नाम किया था. वनडे रैंकिंग में भारतीय टीम इंग्लैंड से पीछे दूसरे स्थान पर हैं और वह मेजबान देश और गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया के साथ टूर्नामेंट की प्रबल दावेदारों में शुमार होगी. भारत पांच जून को साउथम्पटन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट में अभियान की शुरूआत करेगा.

### मजबूत है टीम इंडिया की बल्लेबाजी

सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित शर्मा और शिखर धवन के बाद तीसरे नंबर पर विराट कोहली की मौजूदगी से शीर्ष तीन के हिसाब से भारत दुनिया में सबसे मजबूत टीम है. अनुभवी महेंद्र सिंह धोनी, आल राउंडर केदार जाधव और हार्दिक पंड्या की मौजूदगी से लाइन अप में गहराई मौजूद है. न्यूजीलैंड ने अपना अंतिम वनडे 19 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेला था.

### भारतीय गेंदबाजों पर होगी नजर

प्रतिद्वंद्वी भारत के तेज गेंदबाजों पर भी निगाह लगाए होंगे कि वे परिस्थितियों का कैसे फायदा उठाते हैं जो टूर्नामेंट में काफी अहम कारक होगा. दुनिया के शीर्ष रैंकिंग पर काबिज वनडे गेंदबाज जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुवा हैं जिसमें मोहम्मद शमी, भुवनेश्वर कुमार और हार्दिक शामिल हैं. कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल की मौजूदगी से भारतीय आक्रमण में विविधता आती है तथा आगामी हफ्तों में वे प्रभावी भूमिका निभायेंगे.

# World Cup 2019: न्यूजीलैंड को लगा झटका, अभ्यास मैच में नहीं खेलेगा यह चोटिल प्लेयर





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**लंदन:** आईसीसी विश्व कप अभ्यास मैचों से ठीक पहले न्यूजीलैंड की टीम को झटका लगा है. टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम लाथम चोटिल होने के कारण भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले अभ्यास मैच में नहीं खेल सकेंगे. इसी महीने चोटिल हुए लाथम को लेकर उम्मीद की जा रही थी कि वे अभ्यास मैच से पहले ही फिट हो जाएंगे और इन मैचों में खेल सकेंगे.

### कप्तान ने की लाथम के न खेलने की पुष्टि

विश्व कप के लिए रवाना होने से पहले इस महीने की शुरुआत में लाथम को आस्ट्रेलिया-11 के खिलाफ हुए एक मैच उंगली में चोट लग गई थी. अभी तक ऐसा माना जा रहा था कि लाथम 28 मई को वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले अभ्यास मैच में खेलेंगे, लेकिन गुरुवार को कप्तान केन विलियम्सन ने विकेटकीपर-बल्लेबाज के न खेलने की पुष्टि की.

### क्या कहा विलियमसन ने

विलियम्सन ने बताया, "टॉम पहले दो अभ्यास मैचों के लिए उपस्थित नहीं होंगे. हम उम्मीद करते है कि वह जल्द ठीक हो जाएंगे और हम आने वाले दिनों में उनकी स्थिति को देखते हुए निर्णय लेंगे." टॉम लाथम न्यूजीलैंड टीम के लिए एक अहम बल्लेबाज हैं. तेजी से खेलने की उनकी क्षमता इंग्लैंड की वर्तमान पिचों को देखते हुए बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है.

### तो क्या टूर्नामेंट के प्रमुख मुकाबलों से भी बाहर हो सकते हैं लाथम

चोटिल होने के कारण लाथम के आगामी टूर्नामेंट में खेलने पर भी संशय बरकरार है. न्यूजीलैंड का पहला मैच एक जून को श्री लंका के खिलाफ होगा. टॉम ब्लंडेल उनकी जगह टीम में शामिल हो सकते हैं. भारत और न्यूजीलैंड के बीच टूर्नामेंट का प्रमुख मैच 13 जून को नॉटिंघम में खेला जाना है जो कि टूर्नामेंट का 18वां मैच होगा.

# क्रिकेट के बाद राजनीति में भी गंभीर की शानदार ओपनिंग, दर्ज की East Delhi पर बड़ी जीत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव 2019 में भारतीय जनता पार्टी की भारी जीत हुई है. इस बार के चुनाव में कई खिलाड़ी शामिल थे जिनमें सबसे चर्चित नाम टीम इंडिया के सर्वश्रेष्ठ 'ओपनर' में से एक गौतम गंभीर का रहा. अपने क्रिकेट करियर की तरह राजनीति में आगाज के साथ ही कई उतार चढाव झेलने वाले गंभीर चुनाव की पिच पर शानदार ओपनिंग करते हुए पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा के टिकट पर अपने निकटतम उम्मीदवार से 3,91,222 मतों से जीत गए हैं.

### किससे था गंभीर का मुकाबला

गंभीर ने पिछले साल के आखिर में ही क्रिकेट से संन्यास लिया था. वे पिछले तीन सालों से टीम इंडिया से बाहर चल रहे थे. लोकसभा चुनावों से ठीक पहले भाजपा में शामिल हुए गंभीर का सामना कांग्रेसी दिग्गज अरविंदर सिंह लवली और आम आदमी पार्टी की आतिशी से था जिन्होंने चुनावी अभियान के दौरान उन पर कई तरह के आरोप भी लगाये थे. बतौर क्रिकेटर अपनी लोकप्रियता, सामाजिक सरोकार और 'मोदी लहर' के दम पर चुनाव में गंभीर अपने पदार्पण मैच में ही नाबाद सैकड़ा जड़ने जा रहे हैं.

### क्या कहा बड़ी बढ़त पर गंभीर ने

गंभीर ने चुनाव आयोग द्वारा जारी रूझानों के दौरान ट्वीट में लिखा, ''यह ना तो 'लवली कवर ड्राइव' और ना ही 'आतिशी बल्लेबाजी' बल्कि भाजपा की 'गंभीर' विचारधारा को लोगों का समर्थन है. सभी को धन्यवाद.'' उन्होंने आगे लिखा ,'' इस चुनाव में अरविंद केजरीवाल ने अपना जमीर और ईमान खोया है और आठ महीने में अपनी सत्ता खोयेगा. जितना कीचड़ आप ने दिल्ली में फैलाया है, उतना ही कमल दिल्ली में खिलेगा.


# World Cup 2019: सभी टीमों के कप्तानों ने दूसरी टीमों से चुने खिलाड़ी, जानिए विराट ने किसे चुना

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लंदन: आईसीसी विश्व कप से पहले जब कप्तानों की आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई तो सभी टीमों के मुखियाओं से तरह तरह के सवाल पूछे गए. इनमें से सबसे दिलचस्प सवालों में से एक सवाल यह रहा कि अगर आपको दूसरी टीमों में से कोई एक खिलाड़ी चुनना हो तो किसे चुनेंगे. इस पर हर कप्तान की ओर से बड़ मजेदार जवाब आए. भारतीय कप्तान विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी को चुना तो वहीं टीम इंडिया के खिलाड़ी को केवल एक कप्तान ने चुना.

### किसे चुना विराट ने

सभी 10 टीमों के कप्तानों को दूसरी टीम से किसी अन्य



खिलाड़ी को चुनने को कहा गया था. इसके जवाब में जसप्रीत बुमराह से लेकर राशिद खान के नाम शामिल रहे. विराट को अगर विश्व कप में हिस्सा ले रही अन्य प्रतिस्पर्धी टीमों में से किसी को चुनने का मौका मिलता है तो वह दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डुप्लेसिस को अपनी टीम में चुनेंगे. विराट लेकिन किसी और खिलाड़ी को चुनना चाहते थे.

विराट कोहली ने अपने दोस्त को चुनना चाहते थे लेकिन...

पहले तो विराट कोहली अपने दोस्त दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स को चुनना चाहते थे. विराट ने उनके संन्यास लेने की मजबूरी का हवाला देते हुए दूसरा चयन किया. कोहली ने कहा, ''किसी को चुनना काफी मुश्किल होगा. हमें लगता है कि हमारी टीम काफी मजबूत है. लेकिन अगर हमें मौजूदा खिलाड़ियों में से चुनना है तो... अब एबी (डिविलियर्स) संन्यास ले चुके हैं, मैं फाफ (डुप्लेसिस) को चुनूंगा.''

### विराट कोहली को किसने चुना

विराट कोहली इस समय आईसीसी वनडे रैंकिंग में टॉप के बल्लेबाज चल रहे हैं. हाल ही में जारी ताजा रैंकिंग में विराट कोहली ने अपना पहला स्थान कायम रखा है. विराट पिछले काफी समय से वनडे और टेस्ट में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं. कई खिलाड़ियों का मानना है कि विराट को काबू करके ही टीम इंडिया को इस बार विश्व कप जीतने से रोका जा सकता है. कोहली को बांग्लादेश के कप्तान मशरेफ मुर्तजा ने अपनी टीम में चुना. कोहली की ओर इशारा करते हुए मुर्तजा ने कहा, ''मैं इस व्यक्ति को चुनूंगा.''